प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 14.10.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने की संभावना तलाशने के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी।

2– छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने वर्ष दो हजार तेईस में ली गई परीक्षा के तहत होने वाले साक्षात्कारों को फिलहाल स्थगित किया।

3– सूरजपुर में एक प्रधान आरक्षक की पत्नी और बच्ची की हत्या का मामला सामने आने के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन किया।

4– मुंगेली जिले में नौ लाख रूपए की ब्राउन शुगर के साथ छह आरोपी गिरफ्तार।

..............................................................................

एक राज्य–एक चुनाव

राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने की संभावना का अध्ययन करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में बनाई गई समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। मिली जानकारी के अनुसार इस समिति ने प्रदेश में दोनों चुनाव एक साथ कराने की अनुशंसा की है। कमेटी की अनुशंसा पर अंतिम निर्णय राज्य मंत्रिमंडल को लेना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोलह अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक रायपुर में आयोजित की जाएगी।

..............................................................................

पीएससी–सदस्य नियुक्त

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी रीता शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग—पीएससी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। इसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार सुश्री शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के प्रशासनिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए भी अधिकृत किया गया है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग दो हजार तेईस की परीक्षा के अनुसार दो सौ बयालीस पदों के लिए होने वाले साक्षात्कार को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। आयोग में नये सदस्य और कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद कुल सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसके कारण साक्षात्कार के लिए बोर्ड का गठन नये सिरे से किया जाएगा।

..............................................................................

मुख्यमंत्री—गुरूदर्शन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर जिले के भंडारपुरी धाम में गुरुदर्शन और संत समागम मेला में शामिल हुए। उन्होंने भण्डारपुरी धाम में सतनामी समाज गुरुगद्दी आसन के दर्शन और पूजा—अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और सामाजिक समरसता की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भंडारपुरी मेला के लिए हर साल बीस लाख रुपए और मेलास्थल के विकास के लिए तीस लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने भंडारपुरी में मिनी स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए दस लाख रुपए और अटल समरसता भवन के लिए बीस लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

..............................................................................

मानक महोत्सव

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आज रायपुर में मानक महोत्सव मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। गौरतलब है कि विश्व मानक दिवस के अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों में मानक महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं।

भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर के निदेशक सुमीत कुमार ने बताया कि मानक महोत्सव का उद्देश्य लोगों में गुणवत्ता के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कल राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके में क्वालिटी वॉकेथॉन का आयोजन किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में बच्चे शामिल होंगे।

..............................................................................

<u>सूरजपुर–हत्या</u>

सूरजपुर जिले के कोतवाली में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक की पत्नी और बच्ची की हत्या का मामला सामने आया है। दोनों का शव घर से करीब तीन किलोमीटर दूर सड़क किनारे खेत में पाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक तालिब का घर सूरजपुर के महगवां रिंगरोड पर स्थित हैं। प्रधान आरक्षक कल रात जब घर लौटे तो उन्होंने पत्नी और बच्ची को घर पर नहीं पाया। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस के अधिकारियों की दी। पुलिस टीम प्रधान आरक्षक की पत्नी और बच्ची को ढूंढ रही थी। इसी दौरान आज सुबह घर से करीब तीन किलोमीटर दूर दोनों का शव खेत में मिला।

इस बीच, घटना से आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति के घर में आग लगा दी है। वहीं, बीच बचाव करने आये एसडीएम को भी आक्रोशित भीड़ के विरोध का सामना करना पड़ा।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.एम. अहिरे ने बताया कि पुलिस इस मामले की गंभीरता के साथ जांच कर रही है।

..............................................................................

ब्राउन शुगर–आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली पुलिस ने छियालीस ग्राम ब्राउन शुगर के साथ छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत नौ लाख बीस हजार रूपए बताई जा रही है। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल किए गए एक वाहन को भी जब्त किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर थाना जरहागांव की टीम द्वारा घेराबंदी की गई। आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग–अलग स्थानों पर पुलिस टीम को तैनात किया गया। इसी दौरान कल शाम बिलासपुर की तरफ से आ रही एक कार दिखी जिसे पहले से तैनात पुलिस टीम द्वारा रोका गया। कार में छह व्यक्ति सवार थे और इन सबकी तलाशी ली गई। कार के अंदर रखे एक कैरी बैग से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर ब्राउन शुगर और तस्करी में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर लिया गया है।

वहीं, जशपुर जिले की तपकरा पुलिस ने एक वाहन से गांजा की तस्करी करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल इक्कीस किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत दो लाख दस हजार रूपए बताई जा रही है। गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त किया गया है। ये सभी आरोपी ओड़िसा के रहने वाले है और गांजा लेकर जशपुर आ रहे थे।

इधर, बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस ने ग्राम केसदा में अवैध रूप से डंप किए गए पांच सौ बत्तीस पेटी शराब को जब्त किया है। आरोपियों के पास से छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश की शराब भी जब्त की गई है, जिसकी कुल कीमत चौंतीस लाख रूपए से अधिक है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

..............................................................................

अमन साहू–रिमांड

रायपुर के तेलीबांधा इलाके में हुए एक गोलीकांड के मुख्य आरोपी झारखंड के अमन साहू को पुलिस ने आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उसे उन्नीस अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। इससे पहले, पुलिस कल रात अमन साहू को झारखंड के चाईबासा जेल से राजधानी रायपुर लेकर आई थी।

गौरतलब है कि अमन साहू पर रायपुर में दो मामले दर्ज हैं। इनमें बीते अप्रैल महीने में तेलीबांधा इलाके में रोड निर्माण ठेका फर्म के संचालकों पर असफल हमले का भी मामला शामिल हैं। इस गोलीकांड के मामले से संबंधित दस से अधिक आरोपी पहले से ही जेल में हैं।

.............................................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल...

अगले दो दिनों में पूरे भारत से दक्षिण–पश्चिम मानसून की विदाई होने की संभावना है। इसके साथ ही पूर्वी–उत्तर पूर्वी हवा के असर से उत्तर पूर्व मानसून की गतिविधि के कारण प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

.............................................................................

बस्तर दशहरा

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे के तहत आज बाहर रैनी का विधान संपन्न हो रहा है।

बस्तर दशहरे के तहत कल मुरिया दरबार का आयोजन किया जाएगा।

.............................................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– दुर्ग जिले की पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर चौबीस लाख रूपए से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए केरल के तिरूवनंतपुरम से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

– गौरेला में आज से राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता शुरू हो गई। चार दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य के पांच संभागों के खिलाड़ी जिम्नास्टिक, ताइक्वांडो और क्रिकेट स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाएंगे।

– सरगुजा जिले के चर्चित संदीप लकड़ा हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय और उसके ड्रायवर को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में आठ लोगों की गिरफ्तारी पहले ही चुकी है।

– रेलवे द्वारा घने कोहरे की आशंका को देखते हुए दो दिसंबर से सत्ताईस फरवरी के बीच कुछ तिथियों पर सारनाथ एक्सप्रेस को रद्द किया जाएगा।

– रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत सिद्ध बाबा गेट रेलवे समपार फाटक पर सड़क यातायात मरम्मत कार्य के कारण सत्रह अक्टूबर की सुबह आठ बजे से अट्ठारह अक्टूबर सुबह आठ बजे तक बंद रहेगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>